प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

3days Training On "Use Of Videography/Photography For Crime Scene"

दिनांक 18-07-2022 से 20-07-2022

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 18-07-2022 से 20-07-2022 तक "Use Of Videography/Photography For Crime Scene" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लेक्चर थियेटर में आयोजित किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी के श्री कैलाश चन्द्र जाट, उप महानिरीक्षक, आरपीए जयपुर के निर्देशन में प्रबुद्व वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 39 प्रतिभागियों जिसमें **0**2 आर.पी.एस., 07 पुलिस निरीक्षक, 29 उप निरीक्षक व 01 कानि. ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन **0**9:45-**10**:15 **AM** तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम व द्वितिय सत्र में श्री हरि सिंह सैनी, एसएसओ, एफएसएल, जयपुर, ने अपराध स्थल के लिए वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी का प्रयोग पर प्रशिक्षण व पुलिस फील्ड फोटोग्राफी, फोरेंसिक जांच में फोटोग्राफी माइक्रो फिल्मांकन, बी-रे, एक्स-रे के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री सुशील कुमार शर्मा एसएसओ एफएसएल जयपुर ने एफएसएल जयपुर में अपराध स्थल पर व्यावहारिक कार्य पर प्रेक्टिल के साथ विस्तार से बताया।

द्वितीय दिन के प्रथम एवं द्वितीय सत्र डॉ. शिवलाल धाकड., एसएसओ एफएसएल जयपुर ने दृश्यमान प्रकाश तकनीक, लेंस, फोटोग्राफी में हेरफेर, लेजर फोटोग्राफी, डिजिटल फोटोग्राफी, फोरेंसिक फोटोग्राफी, मैक्रो फोटोग्राफी, दस्तावेजों की माइक्रोफिल्मिंग,व पुलिस फोटोग्राफी, गति में वाहन, हिंसक रैलियां, आर्केड वाहनों की फोटोग्राफी, फोटोग्राफी विस्फोटक सामग्री के अध्ययन के बारे में बताया। तृतीय सत्र में श्री सुशील कुमार शर्मा एसएसओ एफएसएल जयपुर ने एफएसएल जयपुर में अपराध स्थल पर व्यावहारिक कार्य पर विस्तार से बताया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री अनुराग एसएसओ एफएसएल जयपुर ने फोटोग्राफी साक्ष्य, थर्मोग्राफी, कैमरा ड्रिल, स्थिर वस्तुओं की फोटोग्राफी, मोशन फोटोग्राफी में वस्तुओं की फोटोग्राफी फोटोग्राफी अपराध का दृश्य, दस्तावेज़ फोटोग्राफी, फिंगर फोटोग्राफी, वीडियो कैमरा का संचालन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। द्वितीय सत्र में श्री विजयपाल असिस्टेंट प्रोग्रामर ने **IFS** एकीकृत जांच प्रपत्र आईओ द्वारा जांच के दौरान सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपराध स्थल और आरोपी के फोटो और वीडियो अपलोड करना के बारे में बताया।

श्री शैलेन्द्र सिंह इन्दौलियां, उप निदेशक एवं प्राचार्य आर.पी.ए. जयपुर के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर

कोर्स निदेशक